कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 16.02.2024

//प्रेस विज्ञप्ति//

कन्या महाविद्यालय की 44 छात्राओं ने विश्वविद्यालय की प्रावीण्य सूची में परचम लहराया

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की 44 छात्राओं ने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के परीक्षा परिणाम की प्रावीण्य सूची में अपना स्थान बनाकर पूरे संभाग में अपना परचम लहराया है।

छात्राओं की इस शानदार सफलता पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने इन छात्राओं को अपनी शुभकामनायें देते हुए सभी विभागाध्यक्षों एवं प्राध्यापकों को बधाई दी। उन्होनें कहा कि बिना प्राध्यापकों की मेहनत के इस स्तर की सफलता नहीं मिल सकती थी। इस वर्ष बी.एससी. अंतिम में दो एवं बी.कॉम. अंतिम में तीन छात्राओं ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया है।

इस वर्ष विशेष रूप से एम.एससी. भौतिकविज्ञान में कु. भौमिका साहू, एम.ए. भूगोल में कु. प्रेरणा शर्मा एवं एम.एससी. बॉटनी में कु. पुष्पांजली, एम.एससी. गृहविज्ञान (फूड एवं न्यूट्रीशन) में कु. पूजा चौरसिया, एम.ए. हिन्दी में कु. खुश्बू तथा एम.ए. गृहविज्ञान में कु. पूनम शिवहरे ने विश्वविद्यालय की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है।

इनके अतिरिक्त प्रावीण्य सूची में एम.एससी. रसायनशास्त्र से कु. कांची राजपूत-चतुर्थ, कु. निकिता देशमुख- अष्टम, एम.एससी. भौतिकी से कु. तुलसी-चतुर्थ स्थान प्राप्त किया है वहीं एम.एससी. गणित में कु. पूर्णिमा बंजारे ने दसवाँ स्थान प्राप्त किया है। एम.ए. भूगोल में कु. प्रियंका ने द्वितीय एवं कु. अंजु ने आठवाँ स्थान प्राप्त किया। एम.ए. हिन्दी में कु. निधि चन्द्राकर ने द्वितीय स्थान, डिलेश्वरी ने पंचम स्थान, फलेश्वरी ने छठवाँ एवं ऐश्वर्या ने आठवाँ स्थान प्राप्त किया है। एम.ए. अंग्रेजी में कु. आलिया खान ने दसवाँ स्थान प्राप्त किया है। एम.एससी. बॉटनी में निलिमा सिरमौर, मुनिया साहू, प्रियंका साकेत ने क्रमशः तृतीय, सप्तम एवं अष्टम स्थान प्राप्त किया। एम.एससी. प्राणीशास्त्र की कु. अलिशा स्वर्णकार ने आठवाँ स्थान प्राप्त किया।

गृहविज्ञान संकाय की छात्राओं ने भी प्रावीण्य सूची में विशेष स्थान प्राप्त किया है। एम.एससी. गृहविज्ञान के सभी 10 स्थानों में महाविद्यालय की छात्राओं कु. रेणु बघेल, एकता कौमारी, निशा, तेजेश्वरी, आरती यादव, हिमानी, बिनू सेन, दिपिका लौउत्रे, आलिमा खातून ने बाजी मारी है

बी.एससी. गृहविज्ञान में भूमिका मण्डावी-तृतीय, निकिता गुप्ता-चतुर्थ, नेहा सिन्हा-आठवाँ, संगीता सिंह-नवम एवं उमेश्वरी चन्द्राकर ने दसवाँ स्थान प्राप्त किया है। कु. मोनिता ने बी.एससी. अंतिम में आठवाँ एवं ज्योतिलता साहू ने नौंवा स्थान प्राप्त किया है। बी.कॉम. अंतिम की कु. खुशी मिश्रा, पूजा मतानी एवं हर्षलता साहू ने क्रमशः द्वितीय, पंचम एवं सातवाँ स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय की गरिमा बढ़ाई है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने छात्राओं को उनके उपलब्धियों की सराहना की एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 डी.सी. अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

शासकीय डॉ0 वा0वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)
गर्ल्स कॉलेज में
कन्या महाविद्यालय की 44 छात्राओं ने विश्वविद्यालय की प्रावीण्य सूची में परचम लहराया